पत्रांक–डी0डी0–1 -विविध–................/ 11698 (व)

बिहार सरकार,

भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद चौधरी,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग,पटना।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग ।

पटना,दिनांक– 5.12.16

विषयः– अनुरक्षण एवं मरम्मति मद के कार्यो के लिए राशि आवंटन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय पर कहना है कि अनुरक्षण एवं मरम्मति कार्यो हेतु प्लींथ एरिया आधारित दर पर प्रथम किस्त के रुप में सभी प्रमंडलों को राशि आवंटित की जा चूकी है। गैर योजना के अनुरक्षण एवं मरम्मति के कार्यो की समीक्षा में कई प्रमंडलों के द्वारा इस मद में व्यय का प्रतिशत काफी कम है। जिन प्रमंडलों का व्यय लगभग 50 प्रतिशत (20.10.2016 तक) के समतुल्य है उन्हें आवंटन की दूसरी किस्त दी जा रही है।

2. इस संबंध में निदेशानुसार कहना है कि जल्द से जल्द अनुमोदित प्रथमिकता सूची आधारित कार्यो के प्राक्कलनों का गठन कर स्वीकृति,निविदा की कार्रवाई करते हुए कार्य को शीध्र सम्पन्न कराते हुए राशि का व्यय किया जाए । पूर्व में भी निदेशित किया जा चूका है कि माह फरवरी 2017 के बाद अनुरक्षण एवं मरम्मति मद में पैसा की निकासी बंद कर दी जा रही है।

3. मासिक समीक्षात्मक बैठक तथा बुधवार को होने वाली समीक्षात्मक बैठक में प्रधान सचिव महोदय द्वारा जिले के 5 सरकारी भवनों के रख–रखाव हेतु विशेष रुप से बल दिया गया है । इस संबंध में स्पष्ट करना है कि यह कार्य शीर्ष 2059 अन्तर्गत प्रदत आवंटित राशि से ही करना है। सामान्तया ऐसे पॉच भवनों के मरम्मति के उपरांत अवशेष राशि से ही जिला द्वारा अनुमोदित प्रार्थमिकता के कार्यो को कराना है।

4. सामान्यतया अनुरक्षण एवं मरम्मति कायों को पूरा करने की अंतिम तिथि वित्तीय वर्ष के अन्त यानि 31 मार्च होती है। परन्तु जिले के 5 महत्वपूर्ण भवनों का सभी सुविधा युक्त बनाकर मोडेल के रुप में विकसित करने हेतु विभाग के द्वारा निर्णय लिया गया है कि मात्र इन भवनों के मरम्मति कार्यो को पूरा कराने की अन्तिम तिथि को स्पील ओभर Spill over जून 2017 तक किया जाए जिससे कि इन भवनों में मरम्मति/जीर्णोद्वार कराये जाने हेतु पर्याप्त समय मिल सके । इसके लिए कालान्तर में अलग से दिशा निदेश जारी किये जाएंगे ।

विश्वासभाजन

5/12/16

(राजेन्द्र प्रसाद चौधरी)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 11698 (व) पटना,दिनांक– 5.12.16

प्रतिलिपि सभी अधीक्षण अभियंता,कार्य अंचल,भवन निर्माण विभाग/आई0 टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

5/12/16

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 11698 (म) पटना,दिनांक– 5.12.16

प्रतिलिपि प्रधान सचिव के आप्त सचिव,भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ समर्पित एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

5/12/16

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

Scanned by CamScanner